हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 जून 2024

11 जीआरपी नें रेलवे स्टेशन पर नशे के प्रति लोगों को किया जागरूक



11 बरसाती पानी की निकासी न होने पर आप ने जताया रोष



## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिकों की प्रांतीय सभा 23 को

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिकों की प्रांतीय सभा 23 जून रविवार को सुबह 10 बजे से मेजबान होटल फतेहाबाद में होने जा रही है। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिक परिषद फतेहाबाद की प्रधान ईश्वर देवी सेठी व सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया कि इस सम्मेलन में हरियाणा के सभी जिलों से वरिष्ठ नागरिक परिषद के पदाधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस सभा में प्रमुख समाजसेवी देवीदयाल तायल मुख्यातिथि होंगे। उन्होंने सभी पंजीकृत सदस्यों से अनुरोध किया कि वे सहयोग राशि जमा करवाएं तथा सभा में अवश्य भाग ले।

### पपीहा पार्क के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने शहर के पपीहा पार्क के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में सतीश कालोनी हाल भट्टा कालोनी फतेहाबाद निवासी मुनीश कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर मॉडल टाऊन स्थित पपीहा पार्क गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को पार्क के बाहर खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास मोटरसाइकिल की तलाश की लेकिन जब बाईक बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### भट्टू में पिस्तौल सहित एक युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाजायज हथियार रखने वालों पर नकेल कसते हुए फतेहाबाद पुलिस ने भट्टूकलां से एक युवक को पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई रघुबीर सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान भट्टूकलां में रामसरा रोड से वाल्मीकि मोहल्ला की तरफ जा रही थी। जैसे ही टीम शिव आश्रम के पास पहुंची तो सामने से एक युवक आते दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और वापस मुड़कर शिव आश्रम की दीवार पर चढ़कर कूदने की कोशिश करने लगा लेकिन वह दीवार से गिर गया। दीवार से गिरकर उसके दोनों पैरों पर चोट लगी।

### नशा तस्करी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के आरोप में पुलिस ने भूना में एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार भूना पुलिस की टीम एएसआई कृष्ण कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान भूना से गांव जांडली की तरफ जा रही थी। जैसे ही टीम मन्नत होटल के पास पहुंची तो सामने से एक युवक पैदल आते दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और वापस मुड़कर गांव जांडली की तरफ तेज कदमों से जाने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने उसे काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सोनू निवासी गोरखपुर बताया।

### अवैध संबंधों से आहत होकर दिया था डबल मर्डर की घटना को अंजाम

# गांव चांदपुरा में डबल मर्डर के तीनों आरोपी कुछ ही घंटों में धर दबोचे

तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा करते हुए तीनों को जेल भेज दिया



**जाखल।** डबल मर्डर केस के तीनों आरोपी पुलिस हिरासत में।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल/फतेहाबाद

गांव चांदपुरा में अवैध संबंधों से आहत व्यक्ति द्वारा बीते दिन अपने दो साथियों से मिलकर अपनी पत्नी और अपने जीजा की तेजधार हथियार से हत्या करने वाले तीनों आरोपियों विरुद्ध मामला दर्ज करने के चंद घंटों बाद ही तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये आरोपियों की पहचान जसबिन्द्र सिंह उर्फ जस्सी पुत्र वालम सिंह, बिकर सिंह उर्फ भारू पुत्र जनक राज व परविन्द्र सिंह उर्फ बीन्दर पुत्र उजागर सिंह निवासी चांदपुर के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस बारे जानकारी देते हुए जाखल थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि चांदपुर में डबल मर्डर मामले में पुलिस को सूचना मिली थी। इस पर पुलिस तुरन्त सूचना पाकर मौका पर पहुंची और दोनों डेड बॉडी को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस मामले में मिठू सिंह निवासी बबनपुर की शिकायत पर हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने वारदात के कुछ ही समय बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि रतिया के गांव बबनपुर निवासी 32 वर्ष जगसीर सिंह मजदूरी का काम करता था और जाखल के गांव चांदपुरा में विवाहित था। उसका अपने साले जसविंद्र सिंह की पत्नी 35 वर्षीय मूर्ति के साथ पिछले तीन-चार सालों से अवैध संबंध चल रहा था और चार-पांच दिन पहले दोनों घर से फरार हो गए थे। हाल ही में वे घर वापस लौटे थे। इससे गुस्साये जसविंद्र सिंह ने बुधवार देर रात तेजधार हथियार से दोनों पर वार कर हत्या कर दी थी। दोनों के शव वीरवार सुबह घर से कुछ ही दूरी पर लहु लूहान हालत में पड़े मिले थे। डबल मर्डर से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

#### बेइज्जती से परेशान होकर दोनों को मार डाला

*पुलिस पूछताछ में जसविंद्र सिंह ने बताया कि वह पत्नी और जीजा के अवैध संबंधों से परेशान था। इससे उसकी गांव में बेइज्जती हो रही थी। इस बात का दुखड़ा उसने अपने दोस्तों के सामने रोया था। इसके बाद तीनों ने मिलकर मर्डर का प्लान बनाया और साजिश के तहत दोनों को मार डाला।*

### रतिया पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाया, दो गिरफ्तार



**फतेहाबाद।** सदर रतिया पुलिस ब्लाइंड मर्डर मामले का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। पकडे गये दोनो आरोपियों की पहचान सुरेंद्र सिंह उर्फ सोनू पुत्र गुरदीप सिंह व बलविन्द्र सिंह उर्फ ज्ञानी पुत्र गुरदीप सिंह निवासी नक्टा के रूप में हुई है। इस बारे जानकारी देते हुए थाना सदर रतिया प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि 2 मई को पुलिस ने हरदीप सिंह की शिकायत पर मृतक गुरदेव सिंह की गुमशुदगी के बारे में मामला अंकित करवाया गया था। इस मामले में जांच के दौरान गुरदेव सिंह का मोटरसाइकिल आलूपूर नहर के पास से बरामद हुआ था। इसके बाद नहर में उसकी तलाश शुरू की गई। 8 मई को गुरदेव सिंह की डेड बॉडी राजराना नहर के पास मिली थी। इस मामले में शिकायतकर्ता ने दोबारा अपने ब्यान दर्ज करवाए। इसके बाद पुलिस ने हत्या की विभिन्न धाराओं को जोड़कर मामले की जांच तेज कर दी। अब इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये दोनो आरोपियों को आज कोर्ट में पेश करके पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ करके हत्या में अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी की जाएगी।

# नपा कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**फतेहाबाद।** नगराधीश को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते नगरपालिका कर्मचारी संघ के सदस्य।

- नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर जिलेभर के कर्मचारियों ने एकजुट होकर जोरदार नारेबाजी करते हुए सीएमअ को ज्ञापन भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर जिलेभर के कर्मचारियों ने नगर परिषद् कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में जिला फतेहाबाद की पांचों इकाइयां रतिया, टोहाना, भूना, जाखल, फतेहाबाद के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान कर्मचारियों ने नगराधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता अध्यक्षता जिला कार्यवाहक प्रधान सत्यवान टाक ने की और संचालन जिला सचिव विजय ढाका ने किया। प्रदर्शन में विशेष रूप से राज्य के वरिष्ठ प्रधान रमेश तुषामड़ ने भी भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जिला कार्यवाहक प्रधान सत्यवान टॉक, संघ के राज्य वरिष्ठ प्रधान रमेश तुषामड़ और जिला वरिष्ठ उपप्रधान ओम प्रकाश लोट ने हरियाणा सरकार को दलित एवं सफाई कर्मचारी विरोधी करार दिया। ि ला सचिव विजय ढाका और पांचों इकाईयों के प्रधान व सचिव ने बताया कि यदि मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने बारे कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो नगर पालिका कर्मचारी संघ हड़ताल जैसा कठोर निर्णय लेने को मजबूर होगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा का मास डेपुटेशन 23 जून को निकाय मंत्री सुभाष सुधा के आवास कुरुक्षेत्र में मिलकर गुरुग्राम के 26 बर्खास्त किए कर्मचारियों को बहाल करने एवं नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा और सरकार के बीच मानी गई मांगों को लागू करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, भत्तों सहित समान काम समान वेतन देने सहित अनेक मांगों को उठाएगा। यदि बातचीत में इन मांगो का समाधान नहीं हुआ तो नगर पालिका कर्मचारी संघ एक बड़े आंदोलन का फैसला लेगा जिसकी सारी जिम्मेवारी हरियाणा सरकार की होगी। इस मौके पर फतेहाबाद प्रधान नरेश राणा, टोहाना प्रधान रविन्द्र कुमार, भूना प्रधान अमित गिल, जाखल से सुनील, रतिया से गुरमीत सिंह व सभी इकाईयों के प्रधान,सचिव, कैशियर और सक्रिय कर्मचारी सदस्यों ने भाग लिया।

## जिलेभर में उत्साह के साथ मना विश्व योग दिवस



फतेहाबाद। योग दिवस से संबंधित विस्तृत समाचार पेज-12 पर पढ़ें। *फोटो : हरिभूमि*

### टोहाना में दुकान मालिक की जेब काटकर भागा युवक

**फतेहाबाद।** टोहाना में दुकान पर काम करने वाला युवक सो रहे दुकान मालिक की जेब काटकर हजारों की नकदी व वहां खड़े मोटरसाइकिल को लेकर फरार हो गया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में सपड़ा मोहल्ला टोहाना निवासी रमेश कुमार ने कहा है कि उसकी पुराना कक्कड़ अस्पताल रोड, टोहाना पर फ्लैक्स की दुकान है। उसके पास भूना रोड निवासी हरविन्द्र सिंह काम करता है। गत दिवस दोपहर को वह दुकान पर सोया हुआ था। इसी दौरान हरविन्द्र उर्फ राजा ने कैंची से उसकी जेब काट ली और पर्स निकालकर फरार हो गया। उसने बताया कि पर्स में 40 हजार रुपये के अलावा जरूरी कागजात थे। इसके अलावा वह दुकान से मोटरसाइकिल भी चोरी कर ले गया है। इस पर उसने हरविन्द्र को फोन किया लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। जब वह उसके घर गया तो पता चला कि वह अपनी पत्नी के साथ अपनी ससुराल गंगानगर फरार हो गया है।

### जिले में अलग-अलग स्थानों से चार लोग लापता, दी शिकायत

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से चार लोगों के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बुवान निवासी सोनू कुमार ने कहा है कि उसका भाई गुरनाम राममिस्त्री का काम करता है। 19 जून की सुबह वह घर से काम के लिए निकला था लेकिन उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा है। इस बारे पुलिस ने केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में भूना पुलिस ने बुवान के ही एक युवक की शिकायत पर उसकी बहन के दो बच्चों सहित लापता होने बारे केस दर्ज किया है। तीसरे मामले में रतिया पुलिस ने टिब्बा कालोनी निवासी एक युवक की शिकायत पर उसकी 16 साल की लड़की के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। एक अन्य मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने गांव नूरकी अहली निवासी विजेन्द्र की शिकायत पर उसकी पत्नी के 4 साल के लड़के के साथ लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

# लोकसभा की तरह विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को सबक सिखाने का काम करेंगे कर्मचारी : धर्मबीर फोगाट

- फतेहाबाद में हुई सर्व कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

सर्व कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक पटवार भवन फतेहाबाद में आयोजित की गई। जिला उप प्रधान पूनम रानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन जिला सचिव सुरजीत दुसाद ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में राज्य प्रधान धर्मबीर फोगाट और एएचपीसी वर्कर यूनियन के चेयरमैन देवेंद्र हुड्डा उपस्थित हुए। कार्यक्रम में कर्मचारियों की मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान धर्मबीर फोगाट ने कहा कि आज तक हरियाणा सरकार कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है और उनकी मांगों को हल नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने अपने पोस्टल वोटों से सरकार को हराया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता पर महंगाई का बोझ लादने का ही काम किया है। जीएसटी कलेक्शन में बहुत बढ़ोतरी हुई है तो इसका मतलब है जनता की लूट की है। उन्होंने पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर द्वारा सिरसा में कर्मचारियों को धमकाने की कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान बचाना है तो इन लोगों को हराना पड़ेगा।

TATA की पेशकश
www.tanishq.co.in
1,68,953
आनंदित ग्राहकों ने अपने पुराने सोने की जगह लिया नया सोना।



TANISHQ
FESTIVAL OF EXCHANGE
100%* मूल्य
— स्मार्ट चुनाव कीजिए। —
*शर्तें लागू। स्पेशल एक्सचेंज ऑफ़र सीमित समय के लिए।
To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App For T&C visit our website.
शोरुम :- लाल बत्ती चौक, ताउ देवी लाल टाउन पार्क के सामने, डबवाली रोड, सिरसा
टेली. : 86077-80000, 82220-10000



गाय सीढ़ियां चढ़ तो सकती है, लेकिन उसे उतरने में काफी परेशानी होती है।



चींटी एक ऐसा जीव है जिसके पास फेफड़े नहीं होते इसीलिए वह सो नहीं सकती है।



# चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर का पद शानदान, बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है।

## काफी ज्यादा मांग

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। यहां मुख्य अधिकारी कंपनी के अंतर्गत सभी तरह के तकनीकी संसाधनों का प्रबंधन करता है उसका मूल्यांकन करता है तथा कंपनी का राजस्व अधिक बढ़ाने के लिए जरूरी हर तरह के टेक्नोलॉजी से संबंधित उपकरण उपलब्ध कराता है और उन पर अपनी निगरानी में तथा अपनी जिम्मेदारी से काम करके कंपनी को मदद पहुंचाता है। कंपनी के लिए उपयुक्त तथा उपयोगी हर तरह की टेक्नोलॉजी का लेखा जोखा और उसकी देखरेख मुख्य अधिकारी के अंतर्गत आती है। टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी को आसान तरीके से चलाने का कार्य भी मुख्य तकनीकी अधिकारी का होता है।

## करने होते ये काम

- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर अपनी सूझबूझ से कंपनी के कार्य को अच्छी तरह से फैलाता है तथा कंपनी के मुख्य अधिकारियों को कंपनी को विकसित करने तथा अधिक मुनाफा प्राप्त करने में टेक्नोलॉजी के जरिए मदद करता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर अपनी जिम्मेदारी से कंपनी के अंतर्गत होने वाले टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्य को संपन्न करवाता है और टेक्नोलॉजी के सेक्टर से संबंधित कंपनी को हर तरह का सहयोग उपलब्ध कराता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर कंपनी के अंतर्गत होने वाले सभी टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्यों की रिपोर्ट कंपनी के मुख्य अधिकारियों को समय-समय पर सौंपता है।
- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपनी सूझबूझ से आईटी परियोजनाओं को मार्केट में पहुंचाने का कार्य करता है।
- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर कंपनी का सभी महत्वपूर्ण और जरूरी डाटा सुरक्षित रखता है।
- कंपनी के लिए जरूरी डाटा को सुरक्षित रखकर उसका प्रबंध करता है।
- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपने अनुभव के आधार पर टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी और ग्राहक के बीच बेहतरीन संबंध स्थापित करता है।
- तकनीकी के नए-नए तरीकों से कंपनी के द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्या का निवारण किया जाता है।
- तकनीकी की मदद से अत्याधुनिक तरीके से निवेश किया जाता है।
- कंपनी का राजस्व बढ़ाने के लिए मुख्य तकनीकी अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- कंपनी के लिए उपयोगी उपकरण हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर इत्यादि का संरक्षण और उपयोग सुनिश्चित करता है।

## जरूरी योग्यताएं

- सीटीओ बनने के लिए विद्यार्थी को सबसे पहले 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में स्नातक की डिग्री हासिल करना अनिवार्य है।

### तनख्वाह

किसी भी कंपनी या व्यवसाय के अंतर्गत आने वाले सीटीओ की सैलरी इस बात पर निर्भर करती है कि वह अधिकारी दुनिया के किस देश में तथा किस प्रकार की कंपनी में काम करता है क्योंकि आमतौर पर बड़ी-बड़ी अमेरिकी कंपनियों में पूरी दुनिया के मुकाबले अतिरिक्त भुगतान किया जाता है। भारत में भी बड़ी-बड़ी कंपनियां मुख्य तकनीकी अधिकारियों को अच्छा वेतन प्रदान करती है। आमतौर पर भारत में चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर को प्रतिवर्ष 20,00,000 रुपए से लेकर 30 लाख रुपए के अंतराल में दिए जाते हैं। इसके अलावा अधिकारी के अनुभव और कंपनी के ऊपर सैलरी निर्भर करती है।

### कैसे बने सीटीओ

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर बनने के लिए आपको शुरुआत से ही विज्ञान विषय से संबंधित अध्ययन करना चाहिए और इसी फील्ड में आगे बढ़ना चाहिए अगर आप चीफ टेक्नॉलाजी ऑफिसर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको कंप्यूटर विज्ञान की फील्ड में स्नातक की डिग्री हासिल करनी होगी। ऐसा करने से आपके पास टेक्नोलॉजी से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान आ जाएगा, जिसके आधार पर आप और अधिक गहराई से अध्ययन कर सकते हैं। आमतौर पर बड़ी-बड़ी कंपनियां सीटीओ के पद पर ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं जिन्हें पहले से ही कुछ एक्सपीरियंस हो ऐसी स्थिति में आप शुरुआती समय में छोटी कंपनियों में कार्य कर सकते हैं, जिससे समय के अनुसार आपका एक्सपीरियंस बढ़ता रहेगा।

## महत्वपूर्ण तथा जरूरी दस्तावेजों से संबंधित कार्य करने होते

# सेना में काफी महत्वपूर्ण होता है क्लर्क का पद, आप भी चमका सकते हैं करियर



जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सेना है जो कि भारत के सशस्त्र बलों में से एक है। भारतीय सेना देश की सुरक्षा आंतरिक और बाहरी दोनों ही रूप से करती हैं। देश की सीमा पर बड़े पैमाने पर भारतीय सुरक्षा पहरा देती हैं और देश के अंदर भी जगह-जगह छावनी में भारतीय सेना रहती है ताकि देश के अंदर और देश की सीमा दोनों ही जगह पर शांति कायम रहे और बाहरी हमलों से देश सुरक्षित रहे। भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सेना है। इसीलिए भारतीय सेना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पद आते हैं। सेना में आर्मी ऑफिसर, नर्सिंग असिस्टेंट, क्लर्क, फौजी , टेक्निक, ट्रेड मैन इत्यादि विभिन्न प्रकार के पद आते हैं।



## समय-समय पर निकलती रहती नौकरियां



### सबके अलग-अलग काम

सभी अलग-अलग पद वाले अधिकारी अलग-अलग काम करते हैं या हम यह कह सकते हैं कि अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग पद निर्धारित किए गए हैं। भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सशस्त्र सेना है। इसीलिए इस सेना को बेहतर बनाए रखने के लिए अन्य विभिन्न प्रकार के पदों की आवश्यकता होती हैं। जिनमें एक मुख्य पद आर्मी क्लर्क का भी होता है।

### सेना में यह जरूरी पद

बता दें कि भारतीय सेना में क्लर्क का कार्य भारतीय सेना के अंतर्गत काफी जरूरी माना जाता है। जैसा की आप सभी को पता ही है हमारे देश के अधिकांश युवा सरकारी नौकरी करना चाहते हैं और आज के युवाओं में भारतीय सेना में जाने का जज्बा देखने को मिलता है। हर कोई भारतीय सेना में जाकर देश के लिए काम करना चाहता है। तो आप भारतीय सेना के तहत क्लर्क बन सकते हैं। हर वर्ष लाखों की संख्या में युवाओं द्वारा आर्मी कलर्क के लिए आवेदन किया जाता है। लेकिन भारतीय सेना के तहत किसी भी पद पर नौकरी करना इतना आसान नहीं है। इसके लिए आपको परीक्षा देनी होती है। शारीरिक रूप से परीक्षण करवाना होता है और विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग होती है। उसके बाद ही आप भारतीय सेना में नौकरी कर सकते हैं।

### क्या होता है क्लर्क का पद

*भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सशस्त्र सेना है। यह देश की सुरक्षा और शांति बनाए रखने का मुख्य काम करती हैं। इस सेना के तहत विभिन्न प्रकार के पद हैं, जिसमें एक बड़ा पद इंडियन आर्मी क्लर्क का भी होता है। अधिकांश लोगों को यह जानने में रुचि होती है कि भारतीय सेना के तहत क्लर्क का क्या काम होता है। तो आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि भारतीय सेना में क्लर्क के पद पर काम करने वाले कर्मचारियों को कुछ संबंधित और महत्वपूर्ण तथा जरूरी दस्तावेजों से संबंधित कार्य करने होते हैं। भारतीय सेना से जुड़े दस्तावेज काफी महत्वपूर्ण और जरूरी होते हैं। इसीलिए यह पद जिम्मेदारी वाला माना जाता है।*

*भारतीय सेना में क्लर्क का काम करने वाला कर्मचारी भारतीय सेना के प्रमुख दस्तावेजों को नियोजित करके रखता है। भारतीय सेना से संबंधित जरूरी दस्तावेजों को सुरक्षित रखना होता है। भारतीय सेना के कार्यालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों को करता है। इंडियन आर्मी क्लर्क भारतीय सेना में काम कर रहे अन्य सैनिकों और जवानों की सूची तैयार करता है तथा सूची अनुसार अलग-अलग श्रेणी के तहत सभी की जानकारी दस्तावेजों के आधार पर सुरक्षित रखता है। इसके अलावा इंडियन आर्मी क्लर्क का काम कंप्यूटर विभाग, कार्यालय, पुस्तक, डॉक्यूमेंट, पोस्ट्स इत्यादि का रखरखाव करना होता है।*

### ऑनलाइन आवेदन

सेना में क्लर्क बनने के लिए सबसे पहले आपको इस पद पर आयोजित भर्ती के लिए आवेदन करना होगा। हर वर्ष सरकार द्वारा आर्मी क्लर्क हेतु भर्ती का आयोजन करवाया जाता है। जिसकी सूचना पहले ही ऑफिशल नोटिफिकेशन जारी करके बता दी जाती है। यह सूचना मिलने के बाद आपको ऑफिशियल वेबसाइट से आवेदन करना होता है। आवेदन करते समय आपको अपनी सभी जरूरी और महत्वपूर्ण जानकारी को सही ढंग से दर्ज करना है और संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड कर देना है।

### तनख्वाह

सेना में क्लर्क की नौकरी करने वाले कर्मचारी को सैलरी के रूप में हर महीने न्यूनतम 5500 से लेकर सामान्यत 25000 तक दिया जाता है। इसके अलावा ग्रेड पे पर 1800 रुपये प्रतिमाह मिलता है। आर्मी क्लर्क को ग्रेड पर और वेतन के अलावा विभिन्न प्रकार की सुविधाएं और विभिन्न प्रकार के भत्ते दिए जाते हैं। जो इस प्रकार है– महंगाई भत्ता, आवास भत्ता, यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता और कैंटीन की सुविधाएं दी जाती हैं।

### जरूरी योग्यताएं

- आर्मी क्लर्क बनने के लिए उम्मीदवार का कम से कम 12वीं पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या शिक्षण संस्थान से 12वीं पास कर सकता है।
- उम्मीदवार को साईंस/ कॉमर्स और आर्ट स्ट्रीम से ही 12वीं पास करनी होगी।
- आर्मी क्लर्क बनने के लिए उम्मीदवार को 12वीं क्लास में 60% अंक प्राप्त करने होंगे।
- आवेदक के 12वीं क्लास के प्रत्येक विषय में कम से कम 50% अंक होने चाहिए।
- उम्मीदवार के 12वीं क्लास में मैथ/ इंग्लिश/अकाउंट/ बुक कीपिंग इनमें से किसी एक सब्जेक्ट का होना अनिवार्य है।
- आर्मी क्लर्क उम्मीदवार की ऊंचाई कम से कम 160 सेंटीमीटर होना चाहिए।
- उम्मीदवार की छाती कम से कम 77 सेंटीमीटर होनी चाहिए।
- आवेदन करने वाले उम्मीदवार के शरीर का वजन कम से कम 48 किलो होना चाहिए।
- इसके अलावा देश के अलग-अलग राज्यों द्वारा इस पद हेतु अलग अलग ऊंचाई, सीना और वजन निर्धारित किया गया है।
- आर्मी क्लर्क पद के लिए आयोजन करने वाला व्यक्ति भारत का नागरिक होना चाहिए।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु कम से कम 17 वर्ष व 6 महीने होनी चाहिए।
- इस पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 23 वर्ष निर्धारित की गई है।
- उम्मीदवार का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ होना चाहिए।
- आर्मी क्लर्क उम्मीदवार के आँखों की रोशनी 6/6 होना चाहिए।
- अभ्यर्थी को कलर ब्लाइंटनेस का रोग नहीं होना चाहिए।
- उम्मीदवार व्हाइट, रेड, ग्रीन सिग्नल पहचाने में सक्षम होना चाहिए।
- इस पद के उम्मीदवार के शरीर में किसी भी प्रकार की कोई भी बीमारी नहीं होनी चाहिए।

**शारीरिक जांच :** आवेदन करने के बाद सबसे पहले आपको शारीरिक स्वास्थ्य की जांच करवानी होती हैं। यह प्रथम चरण का टेस्ट होता है। इसमें उम्मीदवार को निर्धारित समय के तहत निर्धारित दूरी की दौड़ पूरी करनी होती है। उसके बाद निर्धारित किया गया पुश-अप निर्धारित समय में पूर्ण करना होता है। प्रथम चरण की यह परीक्षा कुल 100 अंकों की होती हैं जिनमें 60 अंक दौड़ के और बाकी के 40 पुश-अप के होते हैं।

**दस्तावेजों की जांच :** सेना में क्लर्क बनने के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करवाना होता है। शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के तहत 10वीं क्लास 12वीं क्लास का सर्टिफिकेट पहचान पत्र इत्यादि कुछ जरूरी और महत्वपूर्ण दस्तावेज की जांच की जाती है।

**मेडिकल टेस्ट :** डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन टेस्ट पास करने वाले उम्मीदवारों को मेडिकल टेस्ट देना होता है। इसके तहत उम्मीदवार के शरीर की जांच की जाती हैं जिससे पता चलता है कि वह उम्मीदवार किसी रोग का शिकार है या नहीं।

**लिखित परीक्षा:** मेडिकल टेस्ट पास करने वाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाता है। भाग-1 में सामान्य ज्ञान, सामान्य साईंस, गणित और कंप्यूटर साईंस सब्जेक्ट का प्रश्न होता है। एवं भाग-2 में सामान्य अंग्रेजी भाषा का प्रश्न होता है। इस परीक्षा के अंतर्गत आने वाला पेपर 100 अंको का होता है और लिखित परीक्षा 200 अंकों की होती है।

# साक्षात्कार में खुद को कैसे प्रस्तुत करें और अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण दिखाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

साक्षात्कार नौकरी प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण चरण है। यह आपकी क्षमता, व्यक्तित्व और कौशल को प्रदर्शित करने का एक मौका होता है। सही ढंग से खुद को प्रस्तुत करके, आप साक्षात्कारकर्ता पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। यहां बताया गया है कि साक्षात्कार में अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण कैसे दिखाएं। किसी संगठन की पृष्ठभूमि का ज्ञान प्राप्त करना न केवल साक्षात्कार के लिए तैयार होने में मदद करता है, बल्कि नौकरी के दौरान भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह आपको संगठन की कार्यशैली, मूल्यों, और भविष्य की दिशा को समझने में सहायता करता है।

## आत्मविश्वास के साथ सवालों के जवाब दें

1. **साक्षात्कार की तैयारी में सहायता:** संगठन के बारे में जानकारी आपको साक्षात्कार में आत्मविश्वास से भरे उत्तर देने में मदद करती है।

**प्रासंगिक उत्तर:** आप प्रश्नों के उत्तर संगठन के उद्देश्यों और संस्कृति के संदर्भ में दे सकते हैं, जिससे आपकी तैयारी और समझ का पता चलता है।

**अच्छे सवाल:** आप संगठन की पृष्ठभूमि से जुड़े महत्वपूर्ण और प्रभावी सवाल पूछ सकते हैं, जो आपकी जिज्ञासा और प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

2. **संगठन की संस्कृति और मूल्य:** किसी भी नौकरी में सफल होने के लिए उस संगठन की संस्कृति और मूल्य समझना बेहद जरूरी है।

**सांस्कृतिक अनुकूलता:** संगठन की संस्कृति को जानकर आप यह समझ सकते हैं कि आपका काम करने का तरीका और आपका व्यवहार वहां कैसे फिट होगा।

**मूल्य समझना:** संगठन के मूल्य और दृष्टिकोण को समझकर आप उन्हें अपने काम और निर्णयों में लागू कर सकते हैं।

3. **संगठन की रणनीति और दृष्टिकोण:** संगठन की पृष्ठभूमि जानने से आपको उसकी दीर्घकालिक रणनीतियों और लक्ष्यों की समझ मिलती है।

सहयोग में मददः यह जानकारी आपको अपने काम को संगठन के बड़े लक्ष्यों से जोड़ने में मदद करती है।

प्रदर्शन में सुधारः आप अपने प्रदर्शन और योगदान को संगठन की प्राथमिकताओं के अनुरूप ढाल सकते हैं।

4. **चुनौती और अवसर की पहचान:** संगठन के इतिहास और वर्तमान स्थिति की जानकारी से आप उसकी चुनौतियों और संभावित अवसरों को पहचान सकते हैं।

**समस्याओं को हल करना:** संगठन की वर्तमान चुनौतियों को समझकर आप समाधान पेश कर सकते हैं, जिससे आप एक मूल्यवान कर्मचारी साबित होते हैं।

**अवसरों का लाभ:** नए अवसरों की पहचान कर आप संगठन में नवाचार और विकास के लिए सुझाव दे सकते हैं।

5. **करियर विकास:** संगठन की पृष्ठभूमि जानने से आप अपने करियर को बेहतर तरीके से प्लान कर सकते हैं।

**विकास के अवसर :** संगठन की विकास दर और भविष्य की योजनाओं को समझकर आप अपनी करियर ग्रोथ की संभावना का आकलन कर सकते हैं।

## महत्वपूर्ण सुझाव

1. **आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करें:** जब आप साक्षात्कार के लिए कमरे में प्रवेश करें, तो आत्मविश्वास से भरपूर रहें। आपके चलने का तरीका, हाथ मिलाने का तरीका और चेहरा देखकर साक्षात्कारकर्ता आपके आत्मविश्वास का अंदाजा लगा सकते हैं।

**मजबूत हैंडशेक:** साक्षात्कारकर्ता से मजबूती से और आत्मविश्वास के साथ हाथ मिलाएं।

**मुस्कुराहट:** हल्की मुस्कान आपके आत्मविश्वास को दर्शाती है और एक सकारात्मक माहौल बनाती है।

2. **उपयुक्त पहनावा:** आपका पहनावा आपके व्यक्तित्व का पहला प्रभाव छोड़ता है। इसलिए, नौकरी के प्रोफाइल और कंपनी की संस्कृति के अनुसार उपयुक्त कपड़े पहनें।

**-व्यवसायिक पोशाक:** फॉर्मल कपड़े पहनें, जो आपके प्रोफेशनलिज्म को दिखाते हैं।

**स्वच्छता:** अपने कपड़े साफ और अच्छी तरह प्रेस किए हुए रखें।

3. **तैयारी महत्वपूर्ण है:** साक्षात्कार से पहले कंपनी और नौकरी के विवरण के बारे में अच्छे से अध्ययन करें। इससे आप बेहतर तरीके से सवालों का जवाब दे पाएंगे और यह भी दिखेगा कि आप नौकरी को लेकर गंभीर हैं।

**कंपनी का अध्ययन:** कंपनी की वेबसाइट, उनके उत्पादों/ सेवाओं और उनके कार्य संस्कृति के बारे में जानकारी लें।

**जॉब प्रोफाइल:** जॉब प्रोफाइल में बताई गई आवश्यकताओं और जिम्मेदारियों को समझें।

4. **प्रभावशाली उत्तर दें:** प्रश्नों का उत्तर देते समय संयम और आत्मविश्वास बनाए रखें। अपने उत्तर स्पष्ट और सटीक रखें।

**व्यक्तिगत अनुभव:** अपने व्यक्तिगत अनुभवों और उपलब्धियों का उल्लेख करें, जो आपके कौशल को प्रदर्शित करते हैं।

**स्टार तकनीक:** स्थिति, कार्य, क्रिया और परिणाम का उपयोग करके उत्तर को संरचित करें।

5. **भाषा और हावभाव पर ध्यान दें:** आपकी बॉडी लैंग्वेज और बोलने का तरीका साक्षात्कार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय
(बी) द्रविड़
(सी) आस्ट्रिक
(डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी
(बी) संस्कृत
(सी) तमिल
(डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए) अपभ्रंश से
(बी) लौकिक संस्क्रत से
(सी) पालि-प्राकृत से
(डी) वैदिक संस्कृत से

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी
(बी) बांगरू
(सी) अवधी
(डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा
(बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा
(डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

उत्तर 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### अभय कार्यकर्ता सम्मेलन को कल करेंगे संबोधित

**फतेहाबाद।** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला और पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा 23 जून रविवार को दोपहर 12 बजे फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन को लेकर जिलेभर के पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

### मेडिकल एसोसिएशन ने मनाया योगा-डे

**फतेहाबाद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने मॉडल टाऊन में संदूजा अस्पताल के सामने बने पार्क में योगा डे मनाया। कार्यक्रम में योगाचार्य डॉ. निधि संदूजा व डॉ. रमनीता बत्रा ने योगासन व प्राणायाम करवाया। इस मौके पर आईएमए के प्रधान पवन मेहता व वरिष्ठ कांग्रेस नेता विरेन्द्र सिवाच मुख्य रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईएमए के प्रधान डॉ. पवन मेहता ने कहा कि योग करने से व्यक्ति का शरीर हष्ट-पुष्ट व तंदुरुस्त रहता है।

### अनाज मंडी में 800 लोगों ने किया योगाभ्यास

**चोपटा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नाथूसरी चोपटा अनाज मंडी में योगाभ्यास कायक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आयुष विभाग से डॉ. प्रमोद पाल, डॉ. पवन शर्मा नोडल अधिकारीयों की देखरेख में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण करवाया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम अभय सिंह ने दीप प्र'जवलित करके कार्यक्रम की विधिवत शुभारंभ किया।

### संजीव बने एबीवीपी के जिला संयोजक

**सिरसा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा प्रांत का प्रांत अभ्यास वर्ग कुरुक्षेत्र में संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन संगठनात्मक घोषणा करते हुए प्रांत अध्यक्ष सुशील मेहता द्वारा संजीव कुमार को जिला सिरसा का जिला संयोजक, अमन वर्मा को नगर विस्तारक फतेहाबाद, संदीप कुमार देशप्रेमी को पुनः जिला प्रमुख, सुनील शास्त्री विभाग संयोजक के दायित्व की घोषणा की गई।

### लोन का झांसा देकर आईफोन खरीदा

**सिरसा।** आधार कार्ड पर लोन का झांसा देकर दो लोगों द्वारा ढाणी सतनाम सिंह निवासी एक ग्रामीण की आईडी पर बजाज फाइनेंस से एक आईफोन खरीदने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर शहर सिरसा पुलिस ने भादंसं की धारा 406, 420 के तहत मामला दर्ज किया है। रानियां की ढाणी सतनाम सिंह निवासी प्रीतम सिंह पुत्र पूर्ण सिंह की ओर से पुलिस में दर्ज करवाई गई।

### द प्रैस क्लब रानियां द्वारा रक्तदान शिविर आज

**रानियां।** द प्रैस क्लब रानियां के तत्वावधान में स.सुखचैन सिंह विर्क व माता बलवन्द्रि कौर मैमोरियल ट्रस्ट व उदय क्लब द्वारा 22 जून शनिवार को शहर की एसएस जैन सभा में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। यह जानकारी द प्रैस क्लब रानियां के प्रधान भूपेन्द्र सिंह विर्क ने दी।

## नशामुक्त भारत अभियान के तहत लोगों के बीच पहुंची खाकी

# जीआरपी ने भट्टूकलां रेलवे स्टेशन पर नशे के प्रति लोगों को किया जागरूक

नशे की चपेट में आकर युवा वर्ग खुद को मौत के दलदल में धकेल रहा, उसकों जागरूक करना सभी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

रेलवे स्टेशन पर जीआरपी द्वारा यात्रियों को नशे के खिलाफ जागरूक करने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रेलवे पुलिस आदमपुर चौकी प्रभारी सतीश कुमार ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेलवे स्टेशन अधीक्षक वासुदेव भक्त ने की व संचालन सब इंस्पेक्टर अभय राम ने किया। मुख्य वक्ता सतीश कुमार ने यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो सामाजिक सद्भावना का दुश्मन होने के साथ-साथ व्यक्ति के अस्तित्व को मिटा देता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपनी जिंदगी से तो खिलवाड़ करता ही है, वहीं उसका परिवार भी आर्थिक तंगी के दौर में पहुंच जाता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि आज की भाग दौड़ की जिदगी में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। इस मौके पर सुभाष चंद, सुरेन्द्र, अनुप, रामसिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।



भट्टूकलां। रेलवे स्टेशन पर नशामुक्ति के लिए जागरूक करते जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेन्द्र कुमार।

### एसपी ने नशा मुक्त घोषित 7 गांवों के सरपंचों को किया सम्मानित

**सिरसा।** सभी ग्राम पंचायतें अपने गांव को नशा मुक्त करवाने में सहयोग कर, एक नई मिसाल कायम करें तथा नशा मुक्त गांवों को अपना रोल मॉडल मानकर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जन आंदोलन में और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सभी ग्राम पंचायतें अग्रणी भूमिका निभाएं ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सके। उक्त विचार पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त घोषित किए गए सदर सिरसा थाना के 7 गांवों के सरपंचों तथा सरपंच प्रतिनिधियों को सम्मानित करने के उपरांत व्यक्त किए। पुलिस अधीक्षक ने नशा मुक्त घोषित किए गए 7 गांवों मुसाहिब वाला सरपंच नरेंद्र मेहता, हांडी खेड़ा-कासन खेड़ा सरपंच प्रतिनिधि राजेश श्योराण, सलारपुर सरपंच जसविंदर सिंह, झोपड़ा सरपंच प्रतिनिधि अजय कुमार, शाह सतनामपुरा सरपंच चरणजीत सिंह, साहरणी सरपंच प्रतिनिधि संदीप कुमार तथा शाहिदां वाली सरपंच सीताराम को पुलिस विभाग की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### उपचार के लिए ड्रग पीड़ितों की पहचान की

**रानियां।** शहर के वार्ड नंबर-7 व 8 में नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा एस.पी. विक्रांत भूषण के नेतृत्व में नशा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में जिला पुलिस के टीम सदस्य एसआई ग'जन सिंह, प्रताप सिंह, सुमन, राजबाला, रमेश, कालूराम एसआई व जय सिंह एसए शामिल थे। इस मौके पर टीम सदस्यों ने ड्रग पीड़ितों की पहचान की और उनका उपचार के लिए चयन किया। अब तक किए गए कायार्ं व उसके परिणामों की पुनः समीक्षा के लिए अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत इन क्षेत्रों के सभी युवाओं से मिलकर उनकी वर्तमान स्थिति बारे पूरी रिपोर्ट ली जा रही है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि सुधरते नशा पीड़ितों को जिम्मेदारी भी दी जाएगी कि वे वर्षा तु में कम से कम दो-दो पौधे लगाएं व नशे की लत में पड़े अन्य युवाओं को भी प्रेरित कर उन्हें नशे की लत से छुटकारा दिलवाने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि ड्रग तस्करी के धंधे में शामिल व अन्य संदिग्धों की सूची भी तैयार की जा रही है जिनकी चोरी, स्नैचिंग, लूट, डकैती आदि की गतिविधियों में शामिल होने की संभावना है।



सिरसा। रानियां में बरसाती पानी में प्रदर्शन करते हुए आप कार्यकर्ता।

# बरसाती पानी की निकासी न होने पर आप ने जताया रोष

- आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हैप्पी रानियां के साथ सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता
- बदहाल सीवरेज लाइन की वजह से सड़कों पर जमा हुआ पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हैप्पी रानियां के नेतृत्व में बारिश की वजह से सड़कों पर खड़े पानी के विरोध में प्रदर्शन किया। मौसम बदलते ही जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, दूसरी ओर बदहाल सीवरेज लाइन की वजह से सड़कों पर जमा पानी रानियां वासियों के लिए परेशानी बन गया। हैप्पी रानियां ने कहा कि बरसात रूकने के 12 घंटे बाद भी शहर के मेन रोड और चौक पानी से भरे पड़े हैं। यहां सरकार के मंत्री द्वारा रानियां को पैरिस बनाने के सपने दिखाकर स्लम-बस्ती में बदल दिया। रानियां शहर के विकास के लिए आया करोड़ों रूपये सिर्फ और सिर्फ फाइलों में गबन हो गए। आम आदमी पार्टी द्वारा शहर के रोड पर पानी के बीच खड़े होकर सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अभी मानसून में बारिश का मौसम आते ही बरसात और ज्यादा होगी अगर समय रहते व्यवस्था को दुरूस्त न किया गया तो आम आदमी पार्टी इसके विरूद्ध संघर्ष को और तेज करेगी व विकास के नाम पर गबन का हिसाब लेगी। इस मौके पर आम आदमी पार्टी नेता वीरेंद्र कुमार, धर्मपाल लाट, सतीश क बोज, पवन गोयल, दारा सिंह, हंसराज वर्मा, प्रमोद वधवा, मास्टर हरबंस लाल, सतनाम क बोज, हरकीरत सिंह, नवदीप सिंह, औंकार सिंह, मुख्तयार सिंह, सुखचैन सिंह रहे।

# एसपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक

- आगामी एक जुलाई से शुरू होने वाले तीन नए कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने सभी पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें आगामी एक जुलाई से शुरू होने वाले तीन नए कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उनके कार्यों की समीक्षा कर उन्हें दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारी तथा जांच अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में बेहतरीन उपस्थिति दर्ज करवाकर अपने कार्य का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फरियाद लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गंभीरता से सुनवाई करें तथा उन्हें शीघ्र न्याय दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न लंबित मामलों को शीघ्र निपटाएं तथा जिन मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी बकाया है, महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए उन्हे शीघ्र गिरफ्तार करें। थाने में आने वाले पीड़ित व्यक्ति के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उसकी बात को गंभीरता से सुने तथा तत्काल कार्रवाई करें ताकि पीड़ित व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करें तथा समाज में पुलिस की एक बेहतर छवि नजर आए। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में उपस्थित सभी थानों प्रभारियों व पुलिस अधिकारियों से कहा की आमजन के सहयोग से महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त कर अनसुलझे मामलों को शीघ्र सुलझाएं। सीएम विंडो तथा पीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का पारदर्शिता के साथ निश्चित समय अवधि में निपटा करें ताकि उच्च अधिकारियों द्वारा मांगी गई रिपोर्ट समय पर भेजी जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समय-समय पर सभी थाना प्रभारी व पुलिस अधिकारियों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी तथा काम में लापरवाही व कोताही किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में एडिशनल एसपी दीप्ति गर्ग, डीएसपी संजीव बल्हारा, डीएसपी सुभाष चंद्र तथा सभी थाना प्रभारी सीआईए व एंटी नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज मौजूद रहे।



सिरसा। एसपी पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक लेते हुए।

# समाधान शिविर:775 शिकायतों में 542 का हो चुका है समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

समाधान शिविर में आई समस्याओं व शिकायतों पर गंभीरता से तेजी के साथ काम किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि अब तक शिविर में आई शिकायतों में से आधे से अधिक का समाधान हो चुका है। शुक्रवार को समाधान शिविर के 9वें दिन 66 समस्याएं उपायुक्त के समक्ष आई। इनमें कई का मौके पर समाधान कर दिया गया, बाकी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। समाधान समाधान शिविर में अधिकतर फैमली आईडी से संबंधित समस्या आ रही हैं। इसी कड़ी में गांव रूपावास निवासी प्रहलाद सिंह अपने लड़की का नाम फैमली आईडी से नहीं कटने की समस्या को लेकर पहुंचा। उनका कहना था कि उसकी लड़की शादी हो चुकी है। लेकिन उसकी लड़की का नाम उनकी फैमली आईडी में दर्ज है।



सिरसा। समाधान शिविर में लोगों की शिकायते सुनते हुए उपायुक्त।

**आधी से अधिक समस्याओं का हो चुका समाधान:** समाधान शिविर में अब तक 775 समस्याएं आ चुकी है। इनमें से 542 समस्याओं का समाधान हो चुका है। इस प्रकार से आधी से अधिक समस्याओं का समाधान हो चुका है। बची 233 समस्याओं से समाधान की दिशा में तेजी से काम किया किया जा रहा है।



सिरसा। डॉ. शील कौशिक को श्री माधवराव सप्रे स्मृति अलंकरण-2024 से सम्मानित करते हुए।

### डॉ. शील कौशिक अखिल भारतीय सर्वोच्च श्री माधवराव सप्रे स्मृति अलंकरण से सम्मानित

**सिरसा।** लघुकथा दिवस पर डॉ. शील कौशिक को लघुकथा शोध केंद्र समिति, भोपाल द्वारा हिंदी लघुकथा लेखन एवं आलोचना में रचनात्मक योगदान के लिए श्री माधवराव सप्रे स्मृति अखिल भारतीय अलंकरण-2024 से अलंकृत किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संतोष चौबे (कुलाधिपति रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय), मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अतुल प्रभाकर (विष्णु प्रभाकर के सुपुत्र), वरिष्ठ साहित्यकार प्रबोध गोविल, आलोचक डॉ. अशोक भाटिया, मिथिलेश अवस्थी, लघुकथा शोध केंद्र की निदेशक कांता राय एवं घनश्याम मैथिल अमृत की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. शील कौशिक के पांचवें लघुकथा संग्रह एक और नाम (बाल मन की लघुकथाएं) का भी विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। इस भव्य आयोजन के चतुर्थ सत्र सृजन और समीक्षा में अध्यक्ष पंकज गिरिश के साथ मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शील कौशिक ने सहभागिता की। उल्लेखनीय है कि डॉ. शील कौशिक की विविध विधाओं में अब तक 57 पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं।

# विधायक ने 3.26 करोड़ की लागत से किया दो सड़कों का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

विधायक लक्ष्मण नापा ने शुक्रवार को 3.26 करोड़ की लागत से बनने वाली दो सड़कों का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांव अलीकां से पिलछियां तक 2 करोड़ 20 लाख की लागत से और गांव पिलछियां से ढाणी गुरुद्वारा तक 1 करोड़ 6 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का निर्माण किया जाएगा। इन सड़कों के बनने से जनता को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति का समुचित विकास कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना मेरा लक्ष्य है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा, रतिया ब्लॉक समिति चेयरमैन केवल कृष्ण मेहता, नागपुर ब्लॉक समिति चेयरमैन गुरतेज सिंह, नागपुर मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह धालीवाल, सरपंच मोनिका रानी, सरपंच प्रतिनिधि सुरेश, रमेश मेहता, सुरजीत इंसा, जोनी अलीका, मिलख राज, सरपंच पिलछियां बलविन्द्र सिंह, नछत्तर सिंह, हरदेव सिंह आदि मौजूद रहे।



रतिया। दो सड़कों का शिलान्यास करते विधायक लक्ष्मण नापा। *फोटो : हरिभमि*



सिरसा। बिजली-पानी की समस्या को लेकर बिजलीघर के समक्ष रोष जताते कांग्रेसी।

### अघोषित बिजली कटों के विरोध में सड़कों पर उतरे कांग्रेसी

**सिरसा।** बिजली के अघोषित कट व उत्पन्न हो रही बिजली समस्या के विरोध में कांग्रेसियों ने शुक्रवार को विद्युत निगम के बाहर धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता व शहरवासी विद्युत निगम के बाहर एकत्रित हुए और प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने निगम कार्यालय में जाने का प्रयास किया तो पुलिस बल ने उन्हें रोक दिया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता बिजलीघर पर पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सिरसा में बिजली-पानी के अव्यवस्थित हालात हैं। आज सांकेतिक धरना देते हुए दस दिन का समय विद्युत निगम को दिया गया है। सरकार बिजली-पानी की व्यवस्था को मैनेज करने में विफल साबित हुई है इस विरोध प्रदर्शन में डॉ. केवी सिंह, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा, नवीन केडिया, संदीप नेहरा, सुभाष जोधपुरिया, कृष्णा फौगाट, सुरेंद्र बंसल, विशाल वर्मा, कर्ण चावला, मास्टर दलीप, रामसिंह बैनीवाल, तिलक चंदेल, दलीप नेजिया, भोला सिंह सरपंच, चंद्रशेखर सोनी, राजरानी जिंदल, विनोद हिटलर, कृष्णा चेयरमैन, कैलाश कानूनगो, रिंकू ठाकुर, सुरेंद्र कौर, अंगूरी देवी वर्मा, महावीर सिंह पहलवान आदि मौजूद थे।



सिरसा। मांगों को लेकर धरने पर बैठे किसान। *फोटो : हरिभमि*

### धरना समाप्ति की फैलाई झूठी अफवाह : ग्रामीण

**सिरसा।** संयुक्त किसान संघर्ष समिति बाजेकां के तत्वावधान में गांव बाजेकां, सिकंदरपुर, वैदवाला, कंगनपुर, बेगू, नरेलखेड़ा व फूलकां के किसानों की धरनास्थल पर शुक्रवार को आपात बैठक हुई जिसमें 4 जनवरी 2024 से चल रहे अनिश्चितकालीन धरने को कुछ शरारती तत्वों द्वारा धरने की समाप्ति की अफवाहें फैलाकर पथ भ्रमित करने की प्रयासों पर गंभीरता से विचार किया गया। प्रधान गुरादिता सिंह ने बताया कि कुछ तथाकथित राजनेताओं द्वारा धरना तोड़ने की अफवाहें फैलाई गई व डेरा द्वारा पाइप लाइन डालने का हमारे ही कुछ लोगों द्वारा जश्न मनाए जाने का घोर खंडन किया गया। कमेटी व समस्त गांवों के किसानों द्वारा प्रशासन को चेताते हुए कहा गया है कि ग्रामीणों की पीठ में छुरा घोंपने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा तथा सिरसा मेजर नहर से राजनीतिक दबाव में मंजूर किए गए मोघे को किसी भी कीमत पर नहीं लगने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए कोई भी कुर्बानी देनी पड़ी तो ग्रामीण पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर अमीलाल भुक्कर, रायसिंह सींवर, रामचंद्र बाजेकां, जसवंत सिंह फूलकां, रामकिशन फौजी वैदवाला, नछतर सिंह बाजेकां, हरकिशन नढा, हंसराज पूर्व सरपंच बेगू, दलजीत सिंह, गुरनाम सिंह कंगनपुर किसान उपस्थित थे।

## नेशनल हाईवे के एसडीओ से नाराज ग्रामीणों ने ताला लगाकर नारेबाजी की

# लोगों के लिए आफत बना हुआ है हाईवे पर फैला गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

नेशनल हाईवे पर गंदे पानी की निकासी व टूटी सड़क की समस्या को लेकर 18 जून को गांववासियों ने किसान यूनियन के बैनर तले रोष प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी थी कि 22 जून तक समस्या का समाधान नही हुआ तो जिला के दोनों टोलों को फ्री करवाया जाएगा। इस मामले को लेकर नेशनल हाईवे अथोरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय ओढ़ा में लोगों के बीच पहुंचे। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि सुखपाल सिंह, नंबरदार रणधीर सिंह, पूर्व सरपंच भूप मल्हान, कौर सिंह कुंडर, मंदर सिंह सरां सहित अनेक लोगों ने अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाते हुए कहा कि बार-बार आवाज उठाने के बावजूद भी वे उनकी सुनवाई क्यों नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि विभाग ने हाईवे के नीचे से जो बड़ी पाइप डाली है उसकी लंबे समय से सफाई नहीं हुई और पानी ओवरफ्लो होकर नेशनल हाईवे पर फैलकर सड़क को तोड़ रहा है जिसके चलते दुर्घटना का भय बना रहता है। इस बात पर विभाग के एसडीओ सलमान व मेंटेनैस इंजीनियर विजय मेहता ने कहा कि विभाग ने जो हाईवे के साथ-साथ निकासी नाले बनाए हैं वो हाईवे पर से बरसाती पानी की निकासी के लिए हैं लेकिन उसमें गांव का गंदा पानी आ रहा है, जिसके कारण नाले ओवरफ्लो हो गए हैं। पंचायत गांव के पानी की निकासी के लिए अलग से कोई प्रबंध करे। इस बात पर ग्रामीण बोले कि पंचायत द्वारा गांव के गंदे पानी की निकासी के लिए जो पहले नाले बनवाए गए थे वो हाईवे निर्माण के दौरान उन्होंने तोड़ दिए।



सिरसा। खंड कार्यालय के मैन गेट पर ताला लगाते ग्रामीण। *फोटो : हरिभमि*

### कई बार शिकायत करने के बाद भी नहीं हुआ समाधान

लोगों ने आरोप लगाया कि इससे पहले अधिकारी लोगों के साथ कई बार मीटिंग कर चुके हैं। लेकिन हर बार वे आश्वासन देकर टरका देते हैं। इसके अलावा ग्रामीणों ने जब अधिकारियों पर सवाल दागे तो वे उत्तर देने की बजाय आनन-फानन में वहां से खिसकने लगे और कहा कि हमारे पास समय नहीं है। इस बात पर ग्रामीण भड़क उठे और खंड कार्यालय के मेंन गेट को ताला लगा दिया और नारेबाजी करने लगे। गांववासियों ने कहा इस बार उन्हें पक्का आश्वासन चाहिए अन्यथा वे गेट नहीं खोलेंगे। लोगों का रोष देखकर अधिकारियों ने कहा कि वे उनकी समस्या का हल करने ही आए हैं और करने को तैयार है। जिसके बाद लोगों को दोबारा अंदर बुलाया गया। फिर ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष 4 मांगें रखीं। जिनमें नालों की सफाई कर स्लैब डालना, हाईवे के नीचे की पुलिया की सफाई करना व गुरुद्वारा के निकट कट को लंबा करना शामिल था। अधिकारियों ने लोगों की मांगों को मानते हुए आश्वासन दिया कि 2-3 दिन में ही कार्य शुरू कर देंगे। वहीं लोगों ने कहा कि पहले की भांति इस बार भी अगर ये मात्र आश्वासन निकला तो वे हाईवे जाम कर देंगे।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल शॉप संचालक से की साइबर ठगी

**फतेहाबाद।** गांव नूरकी अहली निवासी एक मेडिकल शॉप संचालक साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने फोन कर उसे बातों में फंसाया और उससे 23 हजार रुपये हड़प लिए। इस बारे पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव धारनियां निवासी भगवान दास ने कहा है कि वह गांव में मेडिकल की दुकान करता है। कुछ दिन पहले उसके मोबाइल पर व्हाटसअप काल आई। फोन करने वाले ने उससे उसका पता व काम के बारे में पूछा जोकि उसने बता दिया। इस पर फोन करने वाले ने कहा कि उसे कुछ दवाईयां चाहिए।

### अनाज मंडी में नागरिकों व बच्चों ने किया योग

**जाखल।** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अनाज मंडी जाखल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोनिया कि अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में आयुष विभाग व योग संस्थाओं के योग प्रशिक्षकों ने योग प्रोटोकोल के अनुसार योगाभ्यास किया। जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व को योग संस्कृति से परिचित करवाया है। योग का महत्त्व आज की दौड़-भागी जीवनशैली में और तनावपूर्ण माहौल में और अधिक बढ़ गया है। योग हमें तनाव, दुख और रोग से निपटने की क्षमता प्रदान करता है।

### कंवरपुरा में बंद मकान से नकदी व गहने चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव कंवरपुरा में एक बंद मकान में घुसकर चोर 22500 रुपए की नकदी सहित आभूषण व सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक मनोज कुमार ने बताया कि उसकी कोटली में जूते-चप्पल की दुकान है। बीती 19 जून की सुबह वह अपनी पत्नी के साथ दुकान पर आ गया। इसी का फायदा उठाकर पीछे से चोरों ने मकान में घुसकर अलमारी से 22500 रुपए की नकदी, एक तोले सोने का कड़ा व आधे तोले सोने की चेन, दो-दो ग्राम सोने के सिक्के व चार चांदी के छोटे कडे.और चार तोले चांदी की पाजेब और एक चांदी का चांद व दुकान का फुल पेमेंट का एग्रीमेट चोरी कर ले गए। शाम को जब वे घर गए तो घटना का पता चला।

### भवन निर्माण मजदूरों ने किया बैठक का आयोजन

**डिंग।** भवन निर्माण मजदूर की बैठक जाट धर्मशाला में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता भवन निर्माण मजदूर के जिलाध्यक्ष रमेश मेहरा ने की। इस दौरान बैठक में कमेटी द्वारा पदों की नियुक्ति की गई जिसमें जिला अध्यक्ष रमेश मेहरा, उपाध्यक्ष सरला देवी, रामनिवास जोधकां, जिला संगठन मंत्री राकेश सोलंकी, जिला सचिव नोरंग भाटी, कोषाध्यक्ष रमेश नहराना, मीडिया प्रभारी नरेश कुमार, सह सचिव शैलजा बालासर, रजनीश बकरियां वाली को पदों की नियुक्तियां दी गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रमेश मेहरा ने पदों की जिम्मेदारी देते हुए बधाई दी और बैठक में सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं के बारे में भी चर्चा की

### मकान की छत गिरी, मलबे में दबने से महिला की मौत

**सिरसा।** बारिश के कारण बीती देर रात को इंदिरा विकास नगर में एक मकान की छत ढह गई। कच्ची छत का मलबा कमरे में सो रही महिला पर गिर गया ,जिससे उसकी मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर को मृतका के शव का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल में किया गया। महिला की मौत होने से उसके पति का रो रोकर बुरा हाल है। पीड़ित पति का कहना है कि वह बहुत गरीब है,प्रशासन को उसकी सहायता करनी चाहिए। जानकारी के अनुसार इंद्र विकास नगर निवासी सुशील कुमार पेशे से पेंटर है। सुनील का कहना है कि उसके मकान की छत कच्ची थी। वीरवार को तेज बारिश आई थी। देर रात को कच्ची छत का एक हिस्सा ढह गया और उसका मलबा सुमन के ऊपर आ गिरा। सुमन मलबे के नीचे दब गई।

## सीडीएलयू के मल्टीपर्पज हॉल में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम

# योग को बनाएं जीवन का हिस्सा अनेक रोगों की है रामबाण दवा

**उपायुक्त ने किया योग एवं व्यायामशालाओं का शिलान्यास**

**योग प्रवर्तक महर्षि पतंजलि के चित्र पर दीप किया प्रज्जवलित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को स्थानीय चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त आर.के. सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उपायुक्त ने योग प्रवर्तक महर्षि पतंजलि के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके अलावा डबवाली, कालांवाली, रानियां, ऐलनाबाद सहित विभिन्न शैक्षणिक व सामाजिक संगठनों द्वारा भी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों, स्कूली बच्चों व शहरवासियों ने बढ चढकर भाग लिया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्त अभियान के तहत शपथ भी दिलवाई गई। उपायुक्त आर.के. सिंह ने योग साधकों को कहा कि स्वास्थ्य और योग का बहुत गहरा संबंध है और यह विशेष रूप से भारतीय प्राचीन संस्कृति का अहम अंग रहा है। इसके बारे में महर्षि पतंजलि ने योग के दर्शन की शुरुआत की और आज दुनिया योग के महत्व को समझ रही है।



सिरसा। सीडीएलयू के मल्टीपर्पज हॉल में जिला स्तरीय योग दिवस पर उपायुक्त योग एवं व्यायामशालाओं का शिलान्यास करते तथा साधकों के साथ योग करते हुए।

### योग व्यक्ति के शरीर और मस्तिष्क दोनों के लिए फायदेमंद : एडीजे अमित गर्ग




**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयुष विभाग के सहयोग से जिला व उपमंडल के न्यायिक परिसरों में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित गर्ग ने कहा कि हमें अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए व नशा, धूम्रपान आदि से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के लिए विश्व योग दिवस एक बड़ी उपलब्धि है।

### विधायक ने नकटा व गोरखपुर में बनने वाली योग एवं व्यायामशालाओं का किया शिलान्यास

**फतेहाबाद।** विधायक दुड़ाराम ने कहा कि योग भारत देश की प्राचीन पद्धति है।




नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति को निश्चित तौर पर स्वास्थ्य लाभ मिलता है। आज भारत ही नहीं, विश्व के कई देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग की महत्ता को पूरा विश्व मान चुका है। योगाभ्यास से जहां बीमारियों से लड़ने की क्षमता विकसित होती है वहीं तनाव से भी मुक्ति मिलती है। विधायक दुड़ाराम शुक्रवार को एमएम कॉलेज के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले विधायक दुड़ाराम, एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम कैप्टन परमेश सिंह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रीतु भाटिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### भोड़ियाखेड़ा में विद्यार्थियों को योग के लाभ बताए

**फतेहाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षक प्रमोद कुमार व संजय कुमार ने संस्थान के विद्यार्थियों को अनेक योगासनों का अभ्यास करवाया। उन्होंने आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाये। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्राचार्य रमेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को योग करने हेतु प्रेरित किया तथा योग से होने वाले लाभ के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि योग रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक है। योग के माध्यम से अपने आप को स्वस्थ रखकर बीमारियों से बचा जा सकता है।

### भूना में डीएसपी व चेयरपर्सन ने भी किया योग

**भूना।** हमें योग को एक स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाना चाहिए। यह बात नगर पालिका की चेयरपर्सन अर्पण पंकज पसरीजा व डीएसपी जगदीश काजला ने शुक्रवार को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूना में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों को संबोधित करते हुए कही। अध्यक्षता नगर परिषद फतेहाबाद के सीईओ सुरेश कुमार ने की। चेयरपर्सन ने कहा कि योग करने से मनुष्य का शारीरिक एवं मानसिक तथा बौद्धिक का विकास होता है, इसलिए हर इंसान को कम से कम एक घंटा योग अभ्यास अवश्य करना चाहिए।

## मोदी के नेतृत्व में विरासत व विकास के साथ आगे बढ़ रहा देश : सुभाष बराला



**टोहाना।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व में योग को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में नई पहचान दिलाई। 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रेलवे रोड स्थित नई अनाज मंडी शैड के नीचे ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुभाष बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए योग साधकों के साथ योगाभ्यास किया। बराला ने कहा कि हम भारतवासियों के लिए गर्व की बात है कि आज पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हमें योग को एक स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधान सेवक के दायित्व को बखूबी निभाते हुए पिछले 10 वषारे् में हमारे देश की गौरवशाली संस्कृति को पूरी दुनिया में पहुंचाने का काम किया।

## आर्य समाज व इन्नरव्हील क्लब ने हवन कर मनाया योग दिवस




**फतेहाबाद।** आर्य समाज फतेहाबाद तथा इन्नरव्हील क्लब की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सुंदर नगर स्थित आर्य समाज भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम हवन यज्ञ किया गया, जिसमें आर्य समाज व इन्नरव्हील क्लब के सदस्यों ने यज्ञ में आहूति डाली। हवन में आर्य समाज के पुरोहित पंडित दीपक शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण किया गया। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के योग आसन किए। योग प्रशिक्षक रजनी चौधरी व डिम्पल तनेजा ने योग प्रक्रियाओं का अभ्यास करवाया और योग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर व्यक्ति तनाव की स्थिति में रहता है। ऐसे में उसके स्वास्थ्य पर भी काफी असर पड़ रहा है। हम अपने दैनिक जीवन में योग क्रियाओं को शामिल कर मानसिक व शारीरिक तौर पर स्वस्थ रह सकते हैं।

## योग को जीवन का हिस्सा बनाएं : शर्मा

- डीएवी पुलिस स्कूल में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस स्कूल में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का प्राचार्य अरूण शर्मा ने शुभारंभ किया और सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। स्कूल के सभी स्टाफ सदस्यों व अन्य गणमान्य लोगों ने विभिन्न प्रकार की योग क्रियाओं का अभ्यास किया और योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। प्राचार्य अरूण शर्मा ने कहा कि भारत में योग की परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है।





फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल में योगाभ्यास करते प्राचार्य व स्टाफ सदस्य।

योग न केवल हमारे तन को बल्कि मन को भी स्वस्थ रखता है। इतना ही नहीं, यह गंभीर बीमारियों से निजात दिलाने व इनके संक्रमण से कोसों दूर रखने में भी कारगर है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में तनाव को कम करने व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग रामबाण है। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है।

यही कारण है कि योग के महत्व को देखते हुए प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

## बोसवाल पहुंचे पूर्व सांसद अशोक तंवर व दुड़ाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव बोसवाल में डॉ. अशोक तंवर का स्वागत करते भाजपा नेता ठाकुर भवानी सिंह।

- ठाकुर भवानी सिंह की पीठ थपथपाई, कहा : विस चुनाव में कमियों को दूर कर रिकॉर्ड जीत करेंगे दर्ज

सिरसा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रहे पूर्व सांसद डॉ. अशोक तंवर ने भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव ठाकुर भवानी सिंह द्वारा गांव बोसवाल में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम में भाग लिया। उनके साथ फतेहाबाद के विधायक चौधरी दुड़ाराम भी मौजूद रहे। गांव में पहुंचने पर ठाकुर भवानी सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अशोक तंवर व दुड़ाराम का भव्य स्वागत किया। बता दें कि ठाकुर भवानी सिंह के प्रयासों से गांव बोसवाल में डॉ. अशोक तंवर 150 से अधिक वोटों से जीतकर निकले हैं। अशोक तंवर ने कहा कि पार्टी के एक-एक मेहनती कार्यकर्ता ने पूरे तीन महीने तक उनके चुनाव को संभाला और दिन-रात मेहनत की। इसके लिए वे ऐसे मेहनती कार्यकर्ताओं का आभार जताते है। खासकर ठाकुर भवानी सिंह की पीठ थपथपाते हुए अशोक तंवर ने कहा कि भवानी सिंह के नेतृत्व में उनकी टीम ने पूरी मेहनत व लगन से काम किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि लोकसभा चुनावों में जो कमियां रह गई थी, उन्हें पार्टी द्वारा दूर किया जा रहा है। भाजपा पूरी मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी। विधानसभा चुनावों में मेहनती कार्यकर्ताओं की बदौलत हर बूथ को जीतने का काम किया जाएगा और प्रदेश में एक बार फिर भाजपा सरकार बनाएगी। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष खिचड़, वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद स्वामी, अमन नहला, राजीव बत्रा, रिशी बत्रा, बिन्टु टुटेजा, राधाकृष्ण नारंग, नरेश सरदाना, अवतार सिंह मोंगा, मनदीप योगी, मांगेराम सरपंच, राजकुमार मेहरा, गुरपेज सरपंच, जितेन्द्र शर्मा, पवन सरपंच, हवा सिंह मंडल अध्यक्ष, सोहन सिंह, राकेश सरपंच नूरकी, राजकुमार मल्हड़, नरेन्द्र रजाबाद, प्रकाश सरपंच, सुखदेव सिंह, दिनेश कुमार, राजीव कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### योग अपनाने वालों ने अपना लक्ष्य पाया : सुमन

**रतिया।** नागपुर के पीएम श्री राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयुष विभाग एवं योग आयोग हरियाणा द्वारा ब्लॉक स्तरीय 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रुप से पहुंची जिला परिषद चेयरमैन सुमन खिचड़ ने महर्षि पतंजलि की मूर्ति के समक्ष ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी रविंद्र कुमार दलाल ने की। चेयरमैन सुमन खिचड़ ने कहा कि योग सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है बल्कि योग आपको अध्यात्म की दुनिया से जोड़ने, आपकी प्राण ऊर्जा को पुनः जागृत करने व आपके मन को संयमित बनाने के साथ-साथ आपको अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित करता है। पतंजलि योग समिति के प्रैस प्रवक्ता सुरेश मंगला ने कहा कि योग आज हर इंसान की जरुरत है।

## स्वस्थ रहने के लिए स्वयं को जगाना होगा : चावला

- योग अभ्यास केन्द्र फतेहाबाद में तीन दिवसीय शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रतिया रोड स्थित योग अभ्यास केन्द्र फतेहाबाद में चल रहे तीन दिवसीय योग शिविर का समापन हर्षोल्लास के साथ किया गया। शुक्रवार सुबह 6 बजे साधक बहनों ने ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थितजनों को योग साधना करवाते हुए योगाचार्या कर्मचंद सरदाना व महिला योगाचार्या सुमन चावला ने योग के सरल साधनों द्वारा योगाभ्यास करवाया। शिविर का शुभारुभ धर्मपाल चावला ने दीप प्रज्वलित करके किया। योगाचार्य कर्मचंद सरदाना ने बताया कि योग केवल आसनों का नाम नहीं है, योग जीवन जीने की कला है। इसके निरंतर अभ्यास से मानव मात्र का आहार, व्यवहार और विचार में परिवर्तन आते हैं। उन्होंने बताया कि स्वामी देवीदयाल की कृपा व आशीर्वाद से केन्द्र में प्रातः व सांयकाल में योग कक्षाएं चलती है, जिसमें अनेक रोगी लाभ प्राप्त करते हैं। अंत में सुमन चावला ने महिलाओं को योग को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि महिला ही घर की रीढ है और वह स्वस्थ होगी तो परिवार स्वस्थ होगा। धर्मपाल चावला ने कहा कि इस तनावभरी जिंदगी में योग को दैनिक जीवन में शामिल करना बेहद जरूरी है। हमें अपना दीपक खुद जलाना होगा, उधार के दीपक से काम नहीं चल सकता अर्थात शरीर स्वस्थ रखने के लिए हमें स्वयं को जागना होगा, जागरूकता लानी होगी। शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए योग, प्राणायाम, जलक्रिया बेहद महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर धर्मपाल चावला, देसराज मुटरेजा, राजकुमार जुनेजा, विनोद अरोड़ा, प्रदीप मित्तल, बहादुर सैनी, सुरजीत सिंह, ओमप्रकाश, शकुन्तला देवी, वेणु मित्तल, मंजू आहूजा, राजेश मुटियार आदि लोग मौजूद रहे।



फतेहाबाद। योग शिविर का साधक बहनों के साथ दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते धर्मपाल चावला।

## एमएम शिक्षण महाविद्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान



फतेहाबाद। एमएम शिक्षण महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- जीवन में योग और स्वच्छता को शामिल करने का संकल्प लिया

एमएम शिक्षण महाविद्यालय में आज एनएसएस, स्पोर्टस और योगा क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासनों का अभ्यास किया गया। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा कॉलेज प्रकरण को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता अभियान भी चलाया गया और अपने जीवन में योग और स्वच्छता को शामिल करने का संकल्प लिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला एनएसएस इंचार्ज डॉ. कमला जोशी एवं स्पोर्टस एवं योगा इंचार्ज पुनीत सहारण ने विद्यार्थियों को योग एव स्वच्छता के महत्व के बारे में समझाया। उन्होंने कहा कि योग मानव जाति के लिए एक महान उपहार है जो हमें बेहतर रहने और अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। जब आप योग का अभ्यास करते हैं तो आपमें धैर्य का स्तर भी बढ़ता है जो नकारात्मक विचारों को दूर रखने में भी मदद करता है। इस अवसर पर डॉ. नरेंद्र कुमार, मंगत कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

**पेयजल कनेक्शन पर हो रही सब्जी की सिंचाई, विभाग ने की कार्रवाई**

# 31 पानी कनेक्शन काटे, लोगों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा आज कनिष्ठ अभियंता अमनदीप सिंह के नेतृत्व में रतिया की एम्पलॉय कालोनी में पानी के दुरूपयोग को रोकने को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने 31 कनैक्शनों को काटा। कुछ लोगों ने विभाग की इस कार्रवाई का विरोध भी किया लेकिन अधिकारियों ने पुलिस की मदद लेकर इन नाजायज कनैक्शनों को काट दिया। इन्होंने पीने के पानी पर हरा चारा व सब्जी आदि लगा रखी थी। कनिष्ठ अभियान अमनदीप सिंह ने बताया कि क्षेत्र में कुछ घरों ने पीने के पानी पर हरा चारा सब्जी, सर्विस स्टेशन लगा रखे है, जिस कारण कुछ घरों में पीने का पानी नही पहुंच रहा है। पूरे जिले में ऐसे सभी घरों को चिन्हित करके विभाग की तरफ से उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिले के पीने के पानी के सभी घरों का सर्वे भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान जिले के सभी शहरों व गांवों में चलाया जाएगा ताकि सभी को स्वच्छ जल मुहैया करवाया जा सके। पीने के पानी से संबंधित जो भी समस्याएं हैं, उन सभी समस्याओं को चिह्नित करके तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाएगा ताकि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में किसी भी घर को पीने के पानी की कोई दिक्कत न आए। विभाग के जिला सलाहाकार शर्मा चंद लाली ने एम्प्लॉय कलोनी रतिया में जल संरक्षण अभियान के दौरान बताया कि कनेक्शन काटने के साथ-साथ विभाग उनकी सूची भी तैयार कर रहा है, जिनके बिल बकाया है। उनको भी नोटिस दिया जाएगा यदि फिर भी बिल का भुगतान नहीं करते हैं तो उनके भी कनेक्शन काटे जायेंगे।

अभियान के दौरान विभाग के कर्मचारी घर घर जाकर उन घरों को भी चिह्नित करेंगे जिन घरों में पीने के पानी के नलों पर बंद करने वाली टेप नहीं लगी हुई ताकि उन सभी घरों में टेप लगवाई जा सके और जिन घरों में पीने का पानी नहीं पहुंचता उन घरों में पीने का पानी पहुंच सके। गांव में जितनी भी लीकेज है उनको भी चिह्नित करके ठीक करवाया जाएगा।



रतिया। इम्पलॉय कालोनी में कनेक्शनों को काटने जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005